## दुकानों का अस्तित्व ही नहीं, अधिकारियों ने कर दिया लाखों का भुगतान, जनप्रतिनिधियों ने की शिकायत

# कन्यादान योजना में फर्जी बिलों से हुआ भुगतान, बटा कमीशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

**जनता की गाढ़ी कमाई और टैक्स के पैसे से विकास की संभावनाएं बढ़ जाती है। आम आदमी उम्मीद करता है कि अब विकास होगा, सड़कें बनेंगी, शासकीय योजनाओं का समुचित तरीकों से विकास होगा। परंतु भ्रष्टाचार का दंश कुछ इस तरह हावी है कि जिसको जहां लुटने को मिल रहा है बस लूट लो... क्योंकि जांच पर भी अब भरोसा नहीं रहा। जिले में सैंकड़ों ऐसे मामले है जो आज भी जांच की बेदी पर लटके हुए है। जांच के नाम पर भी ईमानदारी बरती जाएगी। इस पर भी संदेह है। ऐसा नहीं है कि इस घोटाले की जानकारी प्रशासन को नहीं थी और ऐसा भी नहीं है कि इस मामले को पहले नहीं उठाया गया। दबाने का पूरा प्रयास किया गया। भाजपा के शासनकाल में भ्रष्ट अधिकारियों की तो बल्ले बल्ले ही हो रही है। पता नहीं कब आम आदमी को न्याय मिलेगा। इतना घोटाला कि भ्रष्टाचार को भी शर्म आ जाए। ना जांच का डर ना ही एफआईआर का खौफ बस सरकारी पैसा लूटो और खाओ की परिपाटी पर चल रहे है अधिकारी, कर्मचारी और कुछ जनप्रतिनिधि। सांसद खुद हैरान है और जांच करने की सिफारिश कर रहे है। जिले में भ्रष्टाचार का यही आलम रहा तो भारत को विश्व गुरू बनाने में मप्र अपनी महत्वपूर्ण भूमिका कैसे निभाएगा।**

छिंदवाड़ा जिले के परासिया में 13 अप्रैल 2025 को आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत हुए विवाह समारोह में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए, जिले के जाने-माने समाजसेवी रिंकू रितेश चौरसिया ने स्थानीय सांसद श्री विवेक बंटी साहू से तत्काल और निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

श्री चौरसिया ने इस संबंध में सभी आवश्यक दस्तावेज और पुख्ता साक्ष्य सांसद महोदय को सौंप दिए हैं। मध्यप्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत प्रत्येक नव-विवाहित जोड़े को 55,000 की सहायता राशि प्रदान की जाती है।

हालांकि, परासिया में हुए इस आयोजन में, 647 जोड़ों से कथित तौर पर व्यवस्था के रूप में 6,000 प्रति जोड़ा नकद वसूले गए, जिससे कुल 38,82,000 की राशि एकत्र हुई। यह राशि टेंट, भोजन और विवाह विधि पूजन जैसी व्यवस्थाओं पर खर्च की जानी थी।

सूचना का अधिकार (RTI) अधिनियम 2005 के तहत प्राप्त दस्तावेजों के गहन विश्लेषण से कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं, जो स्पष्ट रूप से भ्रष्टाचार और सरकारी धन के दुरुपयोग की ओर इशारा करते हैं।






## संदिग्ध विक्रेताओं को भुगतान और फर्जीवाड़ा

पुष्पा वस्त्रालय (चांदामेटा), प्रियंका ब्यूटीपार्लर (चांदामेटा) और आकाश फूल भंडार (चांदामेटा) जैसे विक्रेताओं के नाम पर लाखों रुपये के मनगढ़ंत बिल लगाए गए। आकाश फूल भंडार के बिल में साधारण गुलदस्ते के मूल्य में भी हेराफेरी पाई गई ($25 \times 50 = 2500$ अंकित, जबकि सही योग 1250 होता है)। सबसे गंभीर बात यह है कि चांदामेटा नगर में भौतिक सत्यापन करने पर पता चला कि विगत 50 वर्षों से इस नाम का कोई दुकानदार अस्तित्व में नहीं है। सवाल यह उठता है कि सरकारी अधिकारियों ने इन संदिग्ध प्रतिष्ठानों से कोटेशन कैसे प्राप्त किए, उनसे सामग्री कैसे ली और उन्हें लाखों का भुगतान कैसे किया?

### टेंट व्यवस्था में बड़ी धांधली

जेड केटर्स, छिंदवाड़ा द्वारा 690 टेंट सीलिंग लगाने के लिए 11,50,854 का भारी-भरकम बिल प्रस्तुत किया गया। प्रत्येक सीलिंग 225 वर्ग फीट की होती है, जिसका अर्थ है कुल 1,55,250 वर्ग फीट की व्यवस्था। हालांकि, कार्यक्रम स्थल पर इतनी बड़ी जगह उपलब्ध ही नहीं थी। उपलब्ध वीडियोग्राफी से स्पष्ट है कि एक सीलिंग के नीचे 4 विवाह वेदी कुंड बनाई गई थीं, जिसके हिसाब से केवल 161 टेंट सीलिंग की आवश्यकता थी। शेष 529 सीलिंग कहां लगाई गईं और सरकारी अधिकारियों ने इस बड़े बिल का भुगतान क्यों किया?

### जनरेटर का अनावश्यक उपयोग एवं

दुबे जनरेटर, परासिया द्वारा का जनरेटर बिल (7,000 किराया और 7,000 डीजल) लगाया गया। विद्युत मंडल परासिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 13 अप्रैल 2025 को एक सेकंड के लिए भी बिजली गुल नहीं हुई थी, और विवाह कार्यक्रम दिन में आयोजित किए गए थे। ऐसे में जनरेटर का क्या उपयोग था और सरकारी अधिकारियों ने इस बिल का भुगतान क्यों किया?

### भुगतान के अन्य मामले

गायत्री परिवार, परासिया को विवाह संपन्न कराने हेतु 650 जोड़ों के लिए 2,92,500 का अधिक भुगतान किया गया, जबकि 641 हिंदू विवाह और 6 मुस्लिम निकाह (कुल 647) संपन्न हुए थे, जिसके अनुसार 2,88,450 का भुगतान होना था। अकबर बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर परासिया द्वारा वेदी बनाने हेतु 23,000 का बिल लगाया गया, जिसमें दो ट्रॉली ईंट और दो ट्रॉली मुरम का बिल शामिल था, जबकि मौके पर केवल एक ट्रॉली ईंट और एक ट्रॉली मुरम का उपयोग हुआ था।

### भोजन व्यवस्था में गंभीर अनियमितता

द मैहर कैटर्स, छिंदवाड़ा द्वारा 29,000 लोगों के लिए 47 प्रति व्यक्ति की दर से 13,63,000 का भोजन बिल लगाया गया। जबकि योजना के नियमानुसार, वर-वधू जोड़े के साथ केवल 20 लोगों को भोजन दिया जाना था (कुल 12,940 लोग)। यदि अतिरिक्त गणमान्य व्यक्तियों और नेताओं को भी जोड़ लिया जाए तो अनुमानित संख्या 13,940 होती है। ऐसे में बाकी 15,060 लोग कौन थे जिन्होंने भोजन किया?सरकारी अधिकारियों द्वारा टोकन व्यवस्था लागू की गई थी, और शासन द्वारा 16,000 भोजन टोकन प्रकाशित भी किए गए थे, तो शेष 13,000 बिना टोकन के भोजन किसे परोसा गया? इसके अतिरिक्त, 13,900 के नाश्ते के बिल में कोई विवरण नहीं है कि कितने नग और किस दर से नाश्ता और चाय प्रदान की गई। मैहर कैटर्स द्वारा के बिल पर हाथ से 18% जीएसटी जोड़कर 17,03,573 का भुगतान लिया गया, जबकि बिल में जीएसटी नंबर ही नहीं था और खाने पर केवल 5% जीएसटी लगता है।

## भ्रष्टाचार में सरकारी कर्मचारियों की संलिप्तता का संदेह

श्री चौरसिया ने यह भी उजागर किया है कि जनपद पंचायत परासिया के कंप्यूटर ऑपरेटर विकास बैन द्वारा सभी बिल कंप्यूटर से बनाए गए हैं, जिनकी लिखावट और फॉन्ट समान हैं। सबसे आपत्तिजनक बात यह है कि कई बिलों का भुगतान उनके परिवार के सदस्यों और सामाजिक न्याय विभाग अधिकारी, जनपद पंचायत परासिया, योगेश चौधरी के परिजनों के खातों में किया गया है। यह स्पष्ट रूप से हितों के टकराव और भ्रष्टाचार की ओर इंगित करता है।

### जांच की उठी मांग

समाजसेवी रिंकू रितेश चौरसिया ने सांसद महोदय से विनम्र अनुरोध किया है कि इस गंभीर वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार के मामले की तत्काल और निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जा सके। उनका मानना है कि इस तरह की धोखाधड़ी से न केवल सार्वजनिक धन का दुरुपयोग होता है, बल्कि मध्यप्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की गरिमा भी धूमिल होती है और इसका लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाता है। सांसद विवेक बंटी साहू को मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह एवं निकाय योजना में की गई गड़बड़ी कि उच्च स्तरीय जांच हेतु जिले के सक्रिय समाजसेवी रिंकू रितेश चौरसिया, विधानसभा प्रभारी श्रीमती ज्योति डेहरिया, मोहन शर्मा वरिष्ठ पत्रकार संजय भारद्वाज ग्वाल तिवारी ललित तिवारी सभी ने आवश्यक दस्तावेज सौंपे है। सांसद विवेक बंटी साहू ने आश्वासन दिया जिला कलेक्टर से इसकी जांच करवा करके दोषियों को कठोर दंडात्मक कार्यवाही करवाई जाएगी।



## मानव श्रृंखला बनाकर नशा मुक्ति के लिए किया प्रेरित

सिंगोड़ीः अमरवाड़ा थाना अंतर्गत पुलिस चौकी सिंगोड़ी में आज नशा मुक्ति अभियान के तहत ग्राम सिंगोड़ी के बस स्टैंड में पुलिस और ग्रामीणों के द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर नशा मुक्ति हेतु लोगो को जागरूक किया गया इस अवसर पर ग्राम के अनेक लोग उपस्थित रहे।चौकी प्रभारी पंकज रॉय ने बताया कि नशा एक जहर है जिससे लोगों को विभिन्न प्रकार की बीमारियां सहित अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और परिवार के लोग परेशान होते है इस लिए लोग नशे को त्याग कर एक खुशहाल जीवन जिए इस लिए नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है इस अवसर पर अनेक लोग और पुलिस स्टॉफ उपस्थित रहा।



## हरियाली तीज कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा जिलाध्यक्ष

छिंदवाड़ा। श्री पातालेश्वर मंदिर में महिला मंडल द्वारा हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव साथियों के साथ शामिल हुए। आयोजनकर्ता महिलाओं ने बताया कि हरियाली तीज महोत्सव के इस आयोजन में जिले भर की महिलाओं शामिल हुई हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने हरियाली तीज महोत्सव में शामिल होकर सर्वप्रथम भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर पौधारोपण किया।

## श्रीराम मंदिर में आयोजित हुई श्रीराम लीला की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

देश की अग्रणी श्रीराम लीला में शामिल छिंदवाड़ा की श्रीराम लीला इस वर्ष अपने 137 वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। श्री रामलीला मंडल के अध्यक्ष अरविंद राजपूत ने बताया कि इस वर्ष के मंचन हेतु कलाकारों हेतु विशेष बैठक लीला प्रारंभ के 50 दिन पूर्व श्रीराम मंदिर हॉल में आयोजित की गई।

बैठक में श्रीरामलीला के मुख्य निर्देशक पंडित वीरेंद्र शुक्ल ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह श्रीराम लीला मंडल पूरे छिंदवाड़ा शहर का प्रतिनिधित्व करता है इसलिए इसमें अभिनय हेतु सभी वर्ग एवं स्थानों के धार्मिक बंधुओ को आमंत्रित किया गया था, जिसके फलस्वरूप इस वर्ष शहर के विभिन्न स्थानों से कलाकारों ने अपना पंजीयन श्री रामलीला मंडल में कराया। शनिवार को आयोजित हुई इस बैठक में अधितम कलाकारों का पंजीयन कर रोल का आवंटन किया गया है। बैठक में मंडल के संरक्षक सतीश दुबे लाला, विनोद विश्वकर्मा, कस्तूरचंद जैन, अध्यक्ष अरविंद राजपूत, तरुण जैन, समन द्विवेदी, निर्देशक मंडल के श्रांत चंदेल, नरेंद्र चंदेल, ऋषभ स्थापक, अभिषेक मुदलियार, उत्तम सोनी, राजू माहोरे सहित बड़ी संख्या में कलाकर उपस्थित रहे।

## चुटपुट आंदोलनों से नहीं बदलेगी कोयला प्रबंधन की मजदूर विरोधी नितियांः लक्ष्मा रेड्डी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

शनिवार को बी एम एस ऑफिस परासिया एक प्रेसवार्ता आयोजित हुई। जिसे बी एम एस के कोयला उद्योग प्रभारी के लक्ष्मा रेड्डी ने सम्बोधित किया। उन्होंने ने कहा, कि कोयला श्रमिकों का शोषण रोकने के लिए श्रमिक संगठनों द्वारा चुटपुट आंदोलन करने से कोयला प्रबंधन की मजदूर विरोधी नितियां नहीं बदलने वाली। इसके लिए मजदूर, व्यापारी और जनमानस को साथ लेकर एक बड़ा आंदोलन करना होगा। जिसके लिए बी एम एस तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा, कि प्रबंधन की गलत नीतियों के चलते कोल इंडिया को नुकसान हो रहा है। जबकि कोयला उद्योग को 75% कोयला, कोल इंडिया ही उत्पादित करके देता है। पहले कोल इंडिया में 6 लाख से अधिक कर्मचारी होते थे, अब इनकी संख्या लगभग 2 लाख है। कोयला होने के बाद भी खदानें बंद कर प्राइवेट में दी जा रही है। वर्तमान स्तिथि में 80% कोयले का उत्पादन ठेका मजदूर कर रहे हैं और प्रबंधन उनकी और नियमित कामगारों की सुरक्षा को ताक में रखकर केवल उत्पादन में ध्यान दे रहा है। जो वेतन ठेका मजदूरों को मिलना चाहिए वह नहीं मिल रहा है। ठेका मजदूरों की बदतर स्थिति और स्थाई कामगारों की खस्ताहाल कल्याण सुविधाओं पर उन्होंने बात की। श्री रेड्डी ने बीएमएस के 23 जुलाई से प्रस्तावित अभियान की जानकारी दी। 23 जुलाई से 17 सितंबर तक लगातार 57 दिनों तक बीएमएस जनजागरण अभियान चलाएगा। इसमें कामगार, नागरिक, व्यापारियों, राजनीतिक दलों को जागरुक किया जाएगा। इस प्रेसवार्ता सम्मेलन में बीएमएस के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह, महासंघ के उप महामंत्री आशीष मूर्ती, उपाध्यक्ष वर्षा ताई पुडके, प्रभारी एपी सिंह, अध्यक्ष मोहित नामदेव, महामंत्री निखिलेश राहा उपस्थित रहे।

### इंदिरा गांधी का जिक्र भी

श्री रेड्डी ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित करने के दौरान भारत की भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का भी जक्रि किया। उन्होंने कहा, कि 1975 में इंदिरा गांधी ने कोयला उद्योग के लिए काम करने वाले मजदूरों का शोषण देखते हुए खदानों का राष्ट्रीयकरण किया और और धीरे - धीरे हालात सुधरे, पर अब पहले जैसे ही हालात बनते दिखाई दे रहे हैं।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्र पेंच नदी की बाढ़ से बचने छात्रों को बताए उपाय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

प्रकृति एवं मानव आधारित आपदाओं से निपटने के लिए आपदा पूर्व छात्रो में जन जागृति पैदा करने के लिए,शा.हाई स्कूल माचागोरा एवं चीचगांव माध्यमिक शाला में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण छिंदवाड़ा के अध्यक्ष कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के निर्देशन एवं होमगार्ड के कमाडेंट एवं सिविल डिफेंस के नडल अधिकारी, एस आर आजमी पी सी गणेश धुर्वे के मार्ग दर्शन मे जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर सिविल डिफेंस के मास्टर ट्रेनर श्यामल राव ने बताया कि प्रकृति आधारित आपदाओं से निपटने के लिए शासन अपने स्तर पर कार्य कर रहा पर आपदा के समय सबसे पेहले भूमिका समाज मे रेहने वाले लोगो की होती हे इस विषय पर हमे जानकारी दी गई हे। बारिश के समय अक्सर बिजली गिरने की संम्भावना अधिक रेहती हे इसलिए उस वक्त हमे किसी पेड़ के नीचे या ऊंचे स्थान पर नही रेहना चाहिए ओर हमेशा चप्पल पेहनकर चलना चाहिए।

## बैठक में तय हुई आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम की रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



आगामी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाने को लेकर खिरसाडोह पुरानी बस्ती में बैठक हुई। बैठक में आदिवासी पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा बनी।सर्व आदिवासी समाज परासिया द्वारा परासिया ब्लॉक में 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह एवं उमंग के साथ, धूम धाम से मनाया जायेगा।

विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में विशाल वाहन रैली का आयोजन रखा गया है। जिसमें वाहन रैली ग्राम खिरसाडोह पुरानी बस्ती बड़ा देव स्थान से सुबह 11 बजे (बड़ा देव पूजा सुमरनी) के बाद रैली प्रारंभ होकर परासिया चौकी मोहल्ला होते हुए न्यूटन बस स्टैंड, पश्चिमी न्यूटन बड़ा देव स्थान, रमपुरी, इकलेहरा, बड़कुही, चांदामेटा होते हुए परासिया अम्बेडकर चौक में अम्बेडकर की प्रतिमा का माल्यर्पण, पूजन पश्चात ई डी सी ग्राउंड में वाहन रैली का समापन शाम 5 बजे होगा। ई डी सी ग्राउंड परासिया में बड़ा देव पूजन सुमरनी सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिक्षा, खेल, कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान लोगों का सम्मान, सेवानिवृत्त सैनिकश्र, पुलिस, शिक्षकों का सम्मान, सांस्कतिक आदिवासी नृत्य की टोलियों व पारंपरिक ढोल नगाड़ों की टोलियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जायेगा।

धर्मगुरुओं व समाज के समाजसुधारक वक्ताओं का उद्बोधन पश्चात प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम समापन किया जायेगा। बैठक में संजय सराठी, वीरप्रसाद परतेती, भादू सिंह कुमरे, द्वारका प्रसाद भलावी, सुनील अहाँके, सुभाष नर्रे ,राहुल सराठी, रूपेश इरपाची, सत्यवान उईके, तरुण राजनेगी, सावन उईके, यशपाल कुमरे, चेतन उइके, सुदेश भलावी, विजय बरकड़े, आतिश उईके, विपिन मरकाम, दीपक मरकाम सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, मनरेगा सहायक यंत्री, उपयंत्री पर उठी जांच की मांग

# एनजीटी का उल्लंघन कर नदी की धारा का रुख मोड़ डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण स्वच्छ एवं स्वस्थ रखना है जिनमें नदी और नाले भी शामिल है। एनजीटी के निर्देश अनुसार किसी भी नदी नाले की वहती धार को मोड़ना एवं वहां पर पक्का निर्माण करना एनजीटी के उल्लंघन की श्रेणी में आता है, लेकिन तामिया जनपद पंचायत में शायद कोई इस नियम को जानते और इसका खुला उल्लंघन कर नदी नालों का स्वरूप बिगाड़ने से भी पीछे नहीं हैं। ऐसा ही एक मामला तामिया ग्राम पंचायत में देखने मिल रहा है कि ग्राम पंचायत सचिव ने बीआरसी कार्यालय के पीछे अनावश्यक रूप से भ्रष्टाचार करने का उद्देश्य रिटर्निंग बाल निर्माण शुरू किया है। सागौन के पेड़ों को रोंदा गया है, वहीं इस निर्माण को मापदंड के विपरीत करवा कर जमकर फर्जी बाड़ा किया जा रहा है। यहां तक तो ठीक था, लेकिन एनजीटी का उल्लंघन करने से पंचायत सचिव पीछे नहीं है। इस एनजीटी के उल्लंघन के पीछे उपयंत्री, सहायक यंत्री ,मनरेगा के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, जिनकी पूरी जिम्मेदारी निर्माण कार्य को संपादन करनवाने एवं उसकी गुणवत्ता के साथ-साथ निर्माण सामग्री मापदंड के अनुसार लग रही है या नहीं निर्माण कार्य की जिओ टेकिंग की जिम्मेदारी होती है, वहीं उपयंत्री जिनको एस्टीमेट के अनुसार निर्माण कार्य करवाना एवं सहायक यंत्री को समय-समय पर तकनीकी मार्गदर्शन उपयंत्री एवं पंचायत को देना है लेकिन ये सारे के सारे एनजीटी के उल्लंघन के दोषी हैं। उन्होंने कार्यालय में बैठे-बैठे सारी रिटर्निंग बाल जो अनावश्यक रूप से बनाई जा रही है।इसकी रूपरेखा तैयार कर बहती धारा का रुख मोड़ कर एनजीटी का खुला उल्लंघन कर डाला।इस तरह तामिया मुख्यालय ग्राम पंचायत में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण का उल्लंघन हुआ। इससे बड़ी लापरवाही भी देखने नहीं मिली जो तामिया में रिटर्निंग वाल के नाम पर सचिव को संरक्षण देकर एनजीटी का उल्लंघन जैसा काम करवा डाला है, जबकि एनजीटी का स्पष्ट मानना है कि किसी भी बहती नदी को बिना एनजीटी की अनुमति नहीं मोड़ा जा सकता, लेकिन यहां पर तो ऐसा जनहित में कोई अति आवश्यक निर्माण कार्य नहीं था कि इस तरह गंभीर लापरवाही देखने मिली या फिर यहां पर तैनात मनरेगा के सारे तकनीकी निर्माण कार्य से संबंध रखने वाले अधिकारी राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के नियम से अनजान है जो भी हो रिटर्निंग बाल निर्माण जो अनावश्यक रूप. से करवाया जा रहा है, उसमें फर्जी वाडा भ्रष्टाचार के माध्यम से अवैध कमाई के चक्कर में इन्होंने एनजीटी का उल्लंघन कर डाला, जो भी हो इसकी जांच होगी तो निर्माण कार्य में जमकर अनियमित बरती गई है। यदि इस निर्माण कार्य की जांच होगी ऐसी उम्मीद कम ही है क्योंकि पंचायत सचिव को अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है। एनजीटी का खुला उल्लंघन भी जांच के बाद जरुर सामने आएगा।

## मराठा समाज ने किया किया शिव अभिषेक, आई तुलजा भवानी मंदिर में शिव रुद्राभिषेक सम्पन्न



छिंदवाड़ा। सावन माह में सभी भक्त शिव भक्ति में लीन है। मंदिरों में पूजन पाठ के लिए भक्तों की कतार लग रही है। वहीं जिला क्षत्रिय मराठा समाज के बंधुओं एवं मातृशक्तियों ने रविवार 20 जुलाई को ईमलीखेड़ा स्थित समाज के अराध्य कुलदेवी आई तुलजा भवानी मंदिर में शिव रुद्राभिषेक एवं मां तुलजा भवानी का श्रृंगार किया। ज्ञात हो कि मां तुलजा भवानी का मंदिर मराठा समाज के श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है। मंदिर की स्थापना 2018 समाज के वरिष्ठ नागरिक रमेश राव आखरे ने की थी। यह प्रथम अवसर था जब इतनी बड़ी संख्या में समाजिक लोगों ने पूजन पाठ में अपनी सहभागिता दी। जिला क्षत्रिय मराठा समाज एवं मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रवीण काटकर ने बताया कि सभी समाजिक बंधुओं के सहयोग से सावन माह में शिव महाभिषेक किया गया। पंडित धनंजय शर्मा ने विधि विधान के साथ शिव रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन कराया। भक्तों द्वारा बनाकर लाए शिवलिंग का अभिषेक मंत्रोच्चार के साथ पूजन सम्पन्न कराया गया। वहीं महाआरती के पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया। समाज के मीडिया प्रभारी संजय दलदले ने बताया कि महाप्रसाद की व्यवस्था तुलजा भवानी की परम भक्त अंजलि अजय खर्चे की ओर किया गया था। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष प्रवीण काटकर, सुनील बनारसे, सुनील निम्बालकर, प्रवीण मराठा, भावना बनारसे, राकेश मानमोड़े, प्रशांत गायकवाड़, दुर्गेश आखरे सहित समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधुओं का सहयोग रहा।

Raja Shankar Shah University, Chhindwara
IPS COLLEGE
JOIN EXCLUSIVE COURSE
Serving Edu. for the Past 25 YEAR
ADMISSION OPEN
MICROBIOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
BIOTECHNOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
B.Sc. Honour's Maths / Bio / Comp.
B.C.A. M.C.U
B.B.A. Honour's AICTE APPROVED COURSE
B.A. Honour's Computer
M.Sc. CS M.C.U
DCA/PGDCA
B.Com. Honour's Computer
M.Com
Excellent Placement Record
In Front of S.A.F. Gate,Parasia Road, Chhindwara Mob.- 9752880383,9753304877, 7898075114

## कोपरावाड़ी कला में दिखावा साबित हो रहा है स्वच्छ भारत अभियान, विकास का दम भरने वाले नेता नहीं दे रहे ध्यान

# करोड़ों के शिक्षा मंदिर में गंदगी, बदबू से होकर जा रहे छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

ग्राम पंचायत कोपरावाड़ी कला में सरकार की महत्वपूर्ण योजना स्वच्छ भारत अभियान की हवा निकलती हुई नजर आ रही है। एक और ग्रामो को स्वच्छ सुंदर रखने के उद्देश्य को लेकर प्रतिवर्ष करोडो रुपए खर्च किए जा रहे हैं,वहीं दूसरी क्षेत्र की कई ग्राम पंचायत में आज भी ग्रामीणो के द्वारा गंदगी फैलाते हुए खुले में शौच करने की तस्वीर सामने आ रही है। ऐसा ही कुछ नजर इन दोनों पीपला नारायणवार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कोपरावाड़ी कला में नजर आ रहा है, शासकीय आईटीआई की ओर जाने वाली सड़क पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है और इसी गंदगी के अंबर और बदबू के बीच में प्रतिदिन सेकड़ो छात्रों, महिलाओं एवं ग्रामीणों को को मुंह पर रूमाल रखकर आवागमन करना पड़ रहा है। ग्राम कोपरावाड़ी कला में फैली हुई गंदगी खस्ताहाल सड़क की शिकायत पूर्व में कई बार जनप्रतिनिधियों के साथ सौसर प्रशासन में बैठे हुए अधिकारियों को की गई है। बावजूद इसके समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। कोपरावाडी कला में करोड़ों की लागत से बने आईटीआई भवन के लिए पक्की पहुंच सड़क नहीं है, गंदगी और बारिश के बीच में आईटीआई के छात्रों को आवागमन करना पड़ रहा है। बीते 3 साल से सड़क बनाने की मांग पर सुनवाई नहीं होने से छात्र आक्रोशित हो रहे है। गांव में मुख्य सड़क से आईटीआई भवन पहुंच सड़क की लंबाई मात्र 650 मीटर है,जहां सरकार ने करोड़ों रुपए का आईटीआई का भवन बना दिया गया है,पर सड़क नही।छात्र पवन बिरे,नितिन यशस्वी कुराडे ने बताया कि बारिश में कच्ची सड़क दलदल बन जाती है,इस समस्या के चलते बारिश में कम छात्र आईटीआई में आ रहे है।सड़क पर ग्रामीणों द्वारा फैलाई जाने वाली गंदगी शौच से छात्रों को नाक दबाकर आना-जाना करना पड़ता है, ग्राम पंचायत में ग्रामीणों के द्वारा घरों में बने शौचालय को छोड़कर खुले में शौच करते हुए देखा जा सकता है।



## कोपरावाडी कला में स्वच्छ भारत अभियान की निकल रही हवा

एक ओर सरकार की ओर से करोड़ों रुपए खर्च कर सभी घरों में शौचालय निर्माण किए गए हैं वहीं दूसरी और ग्राम पंचायत कोपरावाली कला में अभी भी ग्रामीणों के द्वारा खुले में सोच करने की जानकारी मिल रही है। चर्चा के दौरान छात्रों ने बताया कि आईटीआई जाने वाले मार्ग पर ग्रामीणों के द्वारा गंदगी फैलाई जा रही है। इस मार्ग पर खुले में ग्रामीणों के द्वारा शौच करने के चलतेगंदगी और बदबू फैली रहती है। यहां से आवागमन करने वाले आईटीआई के शिक्षक को कर्मचारियों के साथ इस आईटीआई छात्रों को भी नाक दबाकर आवागमन करना पड़ता है। पूर्व में इस मार्ग की सफाई को लेकर पंचायत को कई बार सूचनाओं और आवेदन दिए जा चुके हैं, जनपद पंचायत मैं बैठे अधिकारियों के द्वारा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## अधीक्षण अभियंता ने ली बिजली कर्मचारियों की समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

अधीक्षण अभियंता छिंदवाड़ा खुशियाल शिववंशी द्वारा अमरवाड़ा संभाग का भ्रमण किया गया एवं समीक्षा बैठक ली गई। इस दौरान विद्युत आपूर्ति, कर्मचारियों की कार्यप्रणाली, सुरक्षा, राजस्व संग्रहण एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के अंतर्गत म.प्र.प.क्षे.वि.वि.कं.लि.अमरवाड़ा कार्यालय परिसर एवं उपसंभाग परिसर में वृक्षारोपण से हुई। अधीक्षण अभियंता महोदय सहित उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इसके पश्चात अमरवाड़ा उपसंभाग द्वितीय कार्यालय का भ्रमण कर स्वच्छता एवं रिनोवेशन की सराहना की गई। तत्पश्चात LTRU टीमों के कार्यों की समीक्षा की गई और उन्हें समय पर मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य पूरी जिम्मेदारी से करने के निर्देश दिए गए। LRU का निरीक्षण करते हुए अधीक्षण अभियंता ने निर्देशित किया कि अधिक से अधिक DTR (Distribution Transformer) की मरम्मत की जाए और जो मरम्मत योग्य नहीं हैं उन्हें शीघ्र स्टोर में वापस किया जाए। साथ ही फील्ड में फेल ट्रांसफार्मरों को चिन्हित कर डी पी से निकाल कर LRU में चेक कराने के बाद असफल पाए जाने पर स्टोर में भेजने की कार्यवाही की जाए। इसके बाद अमरवाड़ा उपकेंद्र एवं सबस्टेशन का स्थलीय निरीक्षण किया गया, जहाँ पिछले रबी सीजन में फीडरों पर लोड की जानकारी ली गई। सभी VCB (Vacuum Circuit Breaker) का नियमित संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए ताकि निर्बाध एव गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति बनी रहे।समीक्षा बैठक में अधीक्षण अभियंता महोदय ने घरेलू उपभोक्ताओं के भार सत्यापन की प्रगति पर असंतोष जताते हुए निर्देश दिए कि सत्यापन कार्य शीघ्र पूर्ण कर उपभोक्ताओं की वास्तविक खपत के अनुसार बिलिंग सुनिश्चित की जाए।

## खेत की शोभा बढ़ा रहा पंचायत को प्रदत्त पानी का टैंकर



**परासिया :** पंचायत की संपत्ति से पंचायत के जिम्मेदारों को कोई सरोकार हो , ऐसा दिखाई नहीं पड़ता , तभी तो ग्राम पंचायत सोनापीपरी को प्रदत्त पानी का टैंकर ग्राम पंचायत खिरसाडोह के रैय्यतवाड़ी के एक खेत की शोभा बढ़ा रहा है । टैंकर पर भूतपूर्व विधायक ताराचंद बावरिया लिखा हुआ है , जिससे जाहिर है , कि विधायक निधि से टैंकर पंचायत को प्रदत्त किया गया है । सूत्रों से पता चला है , कि यह टैंकर तात्कालिक सचिव के द्वारा यहां लाकर खड़ा किया गया है । देखने में टैंकर की दशा ठीक - ठाक लग रही है । चारों टायर नहीं है , पर थोड़ी मरम्मत की जाए तो पंचायत इसका उपयोग कर सकती है , पर यह तब होगा जब वर्तमान में जिनके हाथों में पंचायत की जिम्मेदारी है , उनको इस से कोई सरोकार हो । सरोकार तो तब होगा , जब इसमें कोई व्यक्तिगत लाभ दिखाई दे ।

## देवारण्य योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत में हो रही कार्यशालाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



देवारण्य योजना के अंतर्गत अश्वगंधा की खेती पर खंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन ग्राम पंचायत रामपेठ में किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं विभिन्न संस्थाओं से जुड़े हुए पदाधिकारी सदस्यों ने उपस्थित होकर कार्यशाला को सफल बनाया।

जिला आयुष अधिकारी डॉ प्रमिला यावतकर के मार्गदर्शन मे देवारण्य योजना के अंतर्गत औषधीय पौधे अश्वगंधा की खेती से संबंधित ग्रामीणों को जानकारी दी जा रही है।ग्राम पंचायत रामपेठ में हुई कार्यशाला में कुल 29 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिनमें स्व सहायता समूह के सदस्य शामिल थे। इस आयोजन का उद्देश्य स्थानीय समुदाय को औषधीय खेती की ओर प्रोत्साहित करना एवं उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना था। प्रशिक्षण में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजा भैया सिंह ठाकुर द्वारा प्रतिभागियों को अश्वगंधा की वैज्ञानिक एवं पारंपरिक खेती, अनुकूल भूमि, जलवायु, फसल चक्र, औषधीय महत्व, उत्पादन प्रक्रिया एवं विपणन जैसे विषयों पर व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत रामपेठ सरपंच गोमा उइके के द्वारा ग्रामीणों को औषधीय फसलों को अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए इसे एक सकारात्मक पहल बताया।कार्यशाला के सफल आयोजन में डॉसुरेंद्र बुनकर ने सहयोग किया।

## खेत मे बने कुएँ मे गिरे जंगली सूअर,वन विभाग की टीम ने सुरक्षित बहार निकाला



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी वन परिक्षेत्र के ग्राम सावंगी के तुमड़ीटोला ने शनिवार की रात खेत के कृषि का कार्य कर रहें किसान क्रो अचानक कुएँ से जंगली जानवर की आवाज सुनाई दे रही थीं ज़ब किसान ने कुएँ के पास जाकर देखा तो उसे जंगली सुअर कुएँ मे गिरे दिखाई दिए जिसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी वारासिवनी वन अमले को दी गई मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से कुएं में गिरे 12 जंगली सूअरो का सुरक्षित रेस्क्यू कर बहार निकाल गया और सुरक्षित जंगल मे छोड़ दिया इस दौरान उपवन ताराचंद डोंगरे,वनरक्षक शैलेंद्र जगजीवन,भवानी प्रसाद बिसेन,रत्नदीप बोरकर,अशोक परते,जगदीश बांगडे,हितेश चचाने सहित वनकर्मी मौजूद रहे।

## लालबर्रा कालेज में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत पौधरोपण किया गया

**बालाघाट।** म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के परिपालन में शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में ईको क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनांक 18 जुलाई 2025 को महाविद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत पौधरोपण का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। इस पुनित कार्य में विविध प्रकार के पौधो जैसे आम, अमरूद, आवला, नीम करंजी, बादाम, सिंदूर, गुलमोहर के माध्यम से प्रकृति को हरा-भरा बनाये रखने के लिए तथा उचित रखरखाव के साथ इस कार्य को पूर्ण किया जा रहा है।

शासन के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम 05 जून 2025 से प्रारंभ किया गया है, जो 30 सितम्बर 2025 तक चलाया जाना है। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सुरेन्द्र कुमार खण्डायत के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम के प्रभारी राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डा. प्रदीप कुमार भिमटे के नेतृत्व में किया गया। इस महत्वपूर्ण अभियान में वृक्षारोपण हेतु विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ के सहयोग से यह कार्यक्रम को पूर्ण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री सुमन बरवा, डा. संगीता मेश्राम, डा. निर्मल कीर्ति गेडाम, डा. देवराज चैरे, श्री नरेष सौलखे, श्रीमती संध्या भलावे, डा. आषीष बागड़े, मिनेश पंचेश्वर, कु. सोनम हरिनखेड़े, श्री प्रषिक हुमनेकर, निशंत तलवरे, एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

## जिला स्तरीय स्काउट गाइड बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जिला प्रशिक्षण केंद्र भारत स्काउट गाइड टिहली बाई माध्यमिक शाला वारासिवनी में जिले भर के स्काउटर गाइडर का एक दिवस का बैठक आयोजित की गई । जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी कुमार उपाध्याय के आदेश अनुसार जिले के शिक्षकों की बैठक ली गई। जिसमें सत्र 2025-26 के कार्यक्रम पर चर्चा, पंजीयन पर चर्चा, प्रशिक्षण पर चर्चा, बालचर रवि पत्रिका के संबंध में चर्चा, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन व यूआईडी पर चर्चा, यूनिफॉर्म संबंधी विषय पर चर्चा, 15 अगस्त 2025 वृक्षारोपण, हर घर तिरंगा कार्यक्रम पर चर्चा की गई। जिला प्रशिक्षण आयुक्त डोली राम भगत ने सारे प्रशिक्षण को बिंदुवार चर्चा की। इस बैठक में जिला मुख्य आयुक्त के जी बिसेन ने संबोधित करते हुए कहा कि हर विद्यालय में शिक्षक जवाबदारी से अपने दल का संचालन करें।

जिला संघ बालाघाट के अध्यक्ष छगन हनवत द्वारा इस ट्रेनिंग सेंटर को बूंद बूंद से घड़ा भरता है, इस तर्ज पर कहा कि आप सभी के जन सहयोग और आर्थिक सहयोग से ही यह सुंदर सा ट्रेनिंग सेंटर वारासिवनी में जिला स्तर का बनाया गया है। जिसमें राज्य स्तरीय ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर के भी प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों को आगाह कराया कि आप तन से मन से अपने बच्चों के साथ कार्य करेंगे। सभी शिक्षकों को यह शपथ दिलाई गई कि अपने विद्यालयों में एक पेड़ मां के नाम लगाएंगे और उसका पालन पोषण भी जिम्मेदारी के साथ करेंगे।

इस प्रशिक्षण में जिला गाइड कमिश्नर श्रीमती अमिता शर्मा ,जिला प्रशिक्षण आयुक्त डोली राम भगत, जिला संगठन आयुक्त इनेद्र डहरवाल , जिला सचिव राजकुमार टेंभरे,जिला काउंसलर हरी प्रसाद देशमुख, जिला काउंसलर रेखचंद नागेश्वर , काउंसलर देवलाल राहंगडाले , काउंसलर मकबूल अहमद कुरेशी, काउंसलर भुनेंद्र सिलेकर , स्काउटर सुरेंद्र सिंह पंदे,काउंसलर सोहनलाल पटले ,जिला सहसचिव नीता बोपचे ,जिला गाइड कैप्टन श्रीमती लक्ष्मी पटले ,उमावती मार्को ,जुंगा भलावी ,रेवती उइके,रतन माला गौरे, शशि भूषण चौहान, अलीम अली कुरेशी और अन्य जिले के सभी वरिष्ठ टीम के लोग भी इस बैठक में भाग लिया।

## बोल बम समिति उकवा द्वारा विशाल कांवड़ यात्रा



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** बोल बम समिति उकवा के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सावन के इस पावन पर्व में 21 जुलाई को रेनजॉफिस चौक (उकवा ) से बाबा मंडी धाम परसाटोला( दूरी लगभग 16किलोमीटर)के लिए विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है,,जिसमे ग्राम उकवा एवं आस पास के सभी ग्रामों के शिव भक्त सम्मिलित होकर भोले बाबा को जल अर्पित करने के लिए सुबह 6 बजे रेंज ऑफिस चौक शिव मंदिर में एकत्र होकर यात्रा का शुभारंभ करेंगे।।समिति के आकाश अग्रवाल , मनोज अग्रवाल, तरूण रावल, ऋषभ अग्रवाल, मुकेश गोयल, वैभव चौकसे, नेमी गौतम, सौरभ अग्रवाल, अनुज चौकसे एवं समस्त सदस्यों ने सभी भक्तजनों से उपस्थित होकर कावड यात्रा को सफल बनाने का आव्हान किया है । इस वर्ष का विशेष आकर्षण कांवड़ यात्रा के दौरान पहली बार बाबा भोले नाथ की झांकीया प्रस्तुत की जाएगी। उकवा रेंज ऑफिस चौक से बाबा के धाम बाबा मंडी तक भक्तों द्वारा जगह जगह जलपान की संपूर्ण व्यवस्था की गई है। झांकियों के साथ कांवड़ यात्रा में सम्मिलित होने वाले सभी भक्तो के लिए समिति द्वारा निःशुल्क कांवड़ की भी व्यवस्था की गई है, जिसका प्रभार श्री नेमी गौतम जी को दिया गया है भक्त उनसे संपर्क कर कांवड़ प्राप्त कर सकते हैं। कांवड़ यात्रा के समापन पर बाबा मंडी धाम परसाटोला में महा प्रसादी (भोजन )का आयोजन मनोज अग्रवाल ट्रांसपोर्टर उकवा के द्वारा सभी भक्तो के लिए किया गया है।

## बस स्टैंड में लोगों को नशे के खिलाफ किया जागरूक
## सांदीपनी स्कूल के बाल कलाकारों ने की नाट्य प्रस्तुति

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के तहत कटंगी पुलिस लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है. इसी क्रम में रविवार को सांदीपनी स्कूल के बाल कलाकारों के सहयोग से स्थानीय बस स्टैंड में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया और नशे से दूरी जरूरी के पर्चे वाहनों में चस्पा किए गए ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान के तहत जागरूक कर उन्हें नशे के चुंगल से मुक्त कराया जा सकें. पुलिस अधीक्षक बालाघाट, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ने मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले के नेतृत्व में अभियान के शुरूआत के दिन से ही लोगों को जागरूकता के लिए विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है. खासतौर से युवाओं को इस अभियान से जोड़ते हुए नशे से दूर रखने और उन्हें बचाने का प्रयास किया जा रहा है. रविवार को कटंगी बस स्टैंड में सांदीपनी स्कूल के बाल कलाकारों ने एक नाट्य प्रस्तुति देकर नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी दी. पुलिस ने बस स्टैंड में सार्वजनिक परिवहन के करीब 30 तीन पहिया/चार पहिया वाहनों में नशा मुक्त अभियान के पोस्टर चस्पा कर वाहन चालकों को नशे से दूरी रखने का संकल्प दिलाया. इस दौरान सांदीपनी स्कूल के प्राचार्य शैलेन्द्र गुप्ता, शिक्षक संजय वर्मा, सहायक उपनिरीक्षक पी.एल.अहाके, प्रधान आरक्षक तोषेन्द्र हरिनखेड़े, अनिल चौके, आरक्षक मनोज पटेल मौजूद रहे।



## निष्ठावान कार्यकर्ताओं को संगठन में मिलेगा विशेष महत्व : रामकिशोर कावरे

# भाजपा विधानसभा लांजी कोर कमेटी बैठक में आगामी चुनावों का शंखनाद

हरिभूमि न्यूज लांजी।

भारतीय जनता पार्टी विधानसभा वार कोर कमेटी की श्रृंखला में कल धर्म नगरी लांजी में भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे, की अध्यक्षता विधायक राजकुमार कर्राहे, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश दिलीप भटेरे के प्रमुखआतिथ्य में लांजी-किरनापुर विधानसभा कोर कमेटी की बैठक संपन्न हुई। जहां संगठनात्मक गतिविधियां, आगामी कार्यक्रमों, जनकल्याणकारी योजनाओं की आमजन तक पहुंच और वर्ष 2027 पंचायत, नगरीय निकाय, 2028 विधानसभा और 2029 लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत व्यापक विचार-विमर्श कर रूपरेखा बनाई गई। साथ ही इसे अमलीजामा पहनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। सर्वप्रथम भारत माता, डां श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पं दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पाअर्चन किया गया। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष, रामकिशोर कावरे, राजकुमार कर्राहे, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश दिलीप भटेरे, बैठक प्रभारी, जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा मंचासिन रहें। बैठक में बैठक सह प्रभारी हेमेन्द्र क्षीरसागर, जिला कार्यालय मंत्री सुमित यादव, जनपद अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह, जिला पंचायत सदस्य दुलीचंद राजनगिरे, नपाध्यक्ष रेखा ताराचंद कालबेले, मंडल अध्यक्ष आलोक चौरसिया, देवेश ऐडे, योगेश कुराहे, सीताराम रावते, जीतू बम्बूरे, मीना नन्हे बहेकर, मंडल महामंत्री गौरव बैस, तुकाराम बारेकर, ताराचंद कुचलाहे, सोहन वाकडे, तोमेश्वर बापूरे, अविनाश पालीवार, संतोष कुमार गौतम, लेशन दल्लेमाल, डिलेश्वर बसेना, दिनेश बाघडे, चुमेश लिल्हारे, ओमकार मेश्राम, पंकज गनवीर, महेन्द्र बिसेन सहित कोर कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का सफल मंच संचालन आलोक चौरसिया ने किया, वहीं आभार राणा कल्याण सिंह ने माना। बैठक की प्रस्तावना भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा ने रखीं। जहां सभी ने एक पेड मां के नाम दादा कोटेश्वर नाम में रोपण कर पेड़ को पोषण करने का संकल्प लिया।



**विचारधारा और नेतृत्व आमजन तकः भाजपा जिलाध्यक्षः** बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने कहा, विधानसभा कोर कमेटी की बड़ी मर्यादा है, हम सबको इसका सम्मान हर हाल में करना होगा। जिम्मेदार कार्यकर्ताओं को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। कोर कमेटी पार्टी की विचारधारा, जन सेवा, नेतृत्व की बात आमजन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। श्री कावरे ने कहा, कोर कमेटी का मूल उद्देश्य जन विकास, संगठन सेवा, आगामी चुनाव की व्यापक तैयारी का शंखनाद है। निष्ठावान, क्षमतावान, संघर्षील, कार्यकर्ताओं को संगठन में विशेष महत्व मिलेगा। उन्होंने कहा, मंडल और बूथ कार्यकारिणी को हमारे संगठन एप्प में डाउनलोड करने का कार्य प्रमुखता से करना होगा। ताकि तकनीकी रूप से दक्ष कार्यकर्ता दक्षता से कम कर सके। साथ ही उन्होंने निरंतर संपर्क, संवाद और प्रवास पर बल दिया।

**समर्पण संगठन के लिए सर्वोपरीः** संगठन का निर्णय सर्व शमान्य है। परिणीति में हम सब कार्यकर्ता सुचारू से निर्णय का क्रियान्वयन करेंगे। यह कहते हुए लांजी-किरनापुर विधायक राजकुमार कर्राहे ने कहा, संगठन के कार्य सही मायनों में जन सेवा है। भाव से आगे निष्ठावान कार्यकर्ताओं को संगठन सेवा का दायित्व मिलेगा। संगठन के कार्यों को बूथ-बूथ तक पहुंचाने के लिए कार्य करना होगा। विधायक कर्राहे ने कहा, हमें कार्य का केंद्रीयकरण नई बल्कि विकेंद्रीकरण करने की जरूरत है। ताकि सभी का समर्पण संगठन के लिए सर्वोपरी रहे। विधानसभा के 294 मतदान केन्द्र, 47 शक्ति केंद्रों में समर्पित कार्यकर्ताओं को अलग- अलग जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्होंने प्रदेश संगठन के आवाह्न पर भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा संगठन के लिए किए जा रहे कार्यों के भुरि-भुरि प्रशंसा की।

**संगठन का कामकाज नई गति से प्रारंभः** वही अपने अंदाज में अपनी बात रखते हुए भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक रमेश दिलीप भटेरे ने कहा, कार्य की दृष्टि से सबसे महत्वपूर्ण है कोर कमेटी। प्रदेश संगठन के आव्हान पर बैठक हो रही है। संगठन पर्व की समाप्ति उपरांत संगठन का कामकाज एक प्रकार से नई गति से प्रारंभ हो रहा है। भाजपा चुनाव में नहीं बल्कि निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। इसमें भागीदारी और सहभागिता सभी कार्यकर्ताओं की सुनिश्चित है। बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार हम संगठन और जनकल्याण को जन जन तक पहुंचाने के काम से जुटना होगा। तभी जनकल्याण, क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और मनवांछित परिणाम हमारे पक्ष में आएंगे।

## खबर संक्षेप

### मतदान दिवस के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सी एल चनाप ने पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 (पूर्वार्द्ध) अंतर्गत 22 जुलाई को होने वाले मतदान के दृष्टिगत रखते हुए विकासखण्ड बरघाट की ग्राम पंचायत अरी एवं विकासखण्ड लखनादौन के ग्राम पंचायत धुमा के वार्ड क्रमांक 19 में निवास करने वाले शासकीय/अर्द्ध शासकीय/शासकीय निगमों के कर्मचारियों/अधिकारियों को सामान्य अवकाश तथा ‘‘पराक्राम्य लिखित अधिनियम (निगोशिएबल इन्स्ट्रमेन्ट्स एक्ट) 1881 (1881 का क्रमांक 26) की धारा-25 के अंतर्गत निर्वाचन क्षेत्र के लिए एक दिन का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

### निर्वाचन क्षेत्र के लिए शुष्क दिवस के अवकाश जारी

सिवनी / कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सिवनी सुश्री संस्कृति जैन ने पंचायत उप निर्वाचन 2025 अंतर्गत मतदान एवं मतगणना के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कम्पोजिट मदिरा दुकान अरी एवं कम्पोजिट दुकान धूमा ए तथा कम्पोजिट मदिरा दुकान धूमा बी से मतदान समाप्ति होने के 48 घंटे पूर्व अर्थात 20 जुलाई शाम 3:00 बजे से दिनांक 22 जुलाई 2025 को मतदान समाप्ति तक की अवधि के लिए मदिरा का क्रय/विक्रय निषेध रखने के आदेश जारी किये है।

# 4 कंधे नहीं हो रहे नसीब, ट्रैक्टर पर ले जाना पड़ रहा शव

## छपारा नगर परिषद के हनुमान वार्ड छपारा कला का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छपारा।





नगर परिषद में विकास की गंगा ऐसी बह रही है कि मोक्ष धाम में अंतिम संस्कार के लिए चार कंधों की बजाए शव को ट्रैक्टर पर ले जाना पड़ रहा हैं। जी हां दरअसल नगर परिषद के हनुमान वार्ड छपारा कला मोक्ष धाम घाट पर आने जाने वाला रास्ता कीचड़ और दलदल से इतना खराब हो चुका है कि चलना भी मुश्किल हैं जिसके कारण अंतिम संस्कार के लिए शव को ट्रैक्टर पर ले जाने के लिए लोग मजबूर हो रहे हैं।

### भारी भरकम वाहनों के कारण हुई दुर्दशा

बता दें कि छपारा नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 14 में मोक्ष धाम मार्ग में एक कदम चलना भी मुश्किल हो गया है हर कदम में कीचड़ और बड़े-बड़े गड्ढे हैं जिससे लोग यहां पैदल भी नहीं चल पा रहे हैं यह मार्ग बैनगंगा नदी तट छपारा नगर परिषद के हनुमान वार्ड के मोक्ष धाम में जाकर मिलता है इसी मार्ग पर करोड़ों की लागत से जनजातीय विभाग द्वारा कन्या परिषद की बिल्डिंग बनाई जा रही है जिसके भारी भरकम वाहन इसी रास्ते से गुजरते हैं जिस वजह से यह मोक्ष धाम मार्ग बुरी तरह बदहाल हो गया हैं। दो दिनों पूर्व नगर परिषद के छपारा कला निवासी ठाकुर परिवार में एक व्यक्ति का देहांत हो गया तब यहां से लोगों को बड़ी कठिनाइयों के साथ शव लेकर मोक्ष धाम जाना पड़ा जिसको लेकर लोगों में नाराजगी और गुस्सा भी हैं।

### विधायक रजनीश ने दिखाई नाराजगी

वही इस अंतिम संस्कार यात्रा में शामिल हुए केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश सिंह ने भी इस बदहल सड़क की सूरत देख जमकर नाराजगी जाहिर की और उन्होंने कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों को कुर्सी से उतरकर जाकर देखने की फुर्सत नहीं हैं। जिसके चलते इस तरह के हाल यहां बने हुए हैं। उन्होंने इस पर जमकर नाराजगी जाहिर करते हुए जिम्मेदारों को तुरंत संज्ञान लेकर सड़क का सुधार किए जाने के लिए कहा हैं।

बता दें कि इसी मोक्ष धाम के समीप जनजातिय विभाग के द्वारा बनाए जा रहे करोड़ों की लागत से कन्या परिषद का आकस्मिक निरीक्षण करने जबलपुर कमिश्नर और जिला कलेक्टर भी पहुंची थी। इन अधिकारियों के वाहन भी किसी तरह उक्त भवन तक बमुश्किल पहुंच पाए थे। इस दौरान मीडिया कर्मियों ने इस मोक्ष धाम के आने-जाने वाले रास्ते की दुर्दश को लेकर सवाल जवाब भी किए थे। लेकिन इन बड़ेअधिकारियों की असंवेदनशीलता के चलते हालात जस की तस है। आज भी मोक्षधाम में दर्जनों गांव के लोगों को अंतिम संस्कार के लिए ट्रैक्टर पर ही शव ले जाने को मजबूर होना पड़ रहा हैं।

# विधायक ने केंद्रीय सड़क व अधोसंरचना निधि से रोड के निर्माण के लिए सीएम को पत्र लिखा

**विधानसभा- 116 केवलारी की मुख्यालय से जोड़ने बाली प्रमुख मार्गो की जरजर स्तिथि से आये दिन घटनाये घटित हो रही है,ठाकुर रजनीश सिंह विधायक ने मुख्यमंत्री व प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग मध्यप्रदेश शासन को पत्र लिखकर मांग किया कि केंद्रीय सड़क निधि एवं अधोसंरचना निधी से मार्गो का निर्माण कराये जाने कि मांग की है।**

जिसमें केवलारी डोभ छींदा मार्ग लंबाई 20 किलोमीटर , उगली से कंजई मार्ग लंबाई 30 किलोमीटर- सिवनी मंडला राजमार्ग 11-ए सिवनी से नैनपुर तक 75 किलोमीटर शामिल है।सिवनी मंडला राजमार्ग के ब्लेक स्पाटो मे गहरे गहरे गड्डे तो हो गये ओर कई क्षेत्रों मे मेंटेनेंस के नाम सुधारी गयी रोडे की ऊपरी सतह पुरी तरह उखड़ गई ।केवलारी- डोब छींदा मार्ग पुरी तरह नैस्ताबुद हो गयी ।वाहनों के चलने योग्य ही नहीं बची।एमपीआरडीसी के अधिकारी मेंटानेंस के नाम प्रतिवर्ष सुधार कार्य तो करवाते है लेकिन घाटिया मटेरियल व मिलाबटी तारकोल के चलते उखड जाती है।ऐसे ही हाल लोकनिर्माण विभाग प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना सहित मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन विभाग मे बर्षो से जड जमाये बैठे अधिकारियों ओर ठेकेदारो की मिलीभगत से भ्रष्टाचार का तांडव समुचे क्षेत्र मे फैला हुआ है ।महत्वपूर्ण मार्गो के निर्माण के लिए विधायक ने मांग किया है।

# कांवड़ यात्रा मे शामिल होंगे विधायक दिनेश राय मुनमुन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

भगवान शिव का प्रिय श्रावण मास पर प्रतिवर्ष मुंडारा से निकलने वाली पवित्र कॉवड़ यात्रा इस वर्ष भी दिनांक 27 जुलाई, दिन रविवार को प्रातः 9 बजे प्रारंभ होगी। जिसमें समस्त श्रद्धालुगणों के साथ सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन भी शामिल होंगे।

जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जीवन दायिनी पतितपावनी मां वैनगंगा के उदगम स्थल मुंडारा धाम से शिव भक्त कॉवड़यों की कॉवड़ यात्रा 27 जुलाई रविवार 2025 को प्रातः 9 बजे प्रारंभ होगी। जो अपने पूर्व निर्धारित ग्राम छीतापार, गोडेगांव, कलबोडी, गोपालगंज, बड़कुमारी, मोहगांव से गुजरते हुए मातृधाम कातलबोडी पहुंचेगी। जहां भोजन प्रसाद एवं रात्रि विश्राम के पश्चात पवित्र सावन सोमवार 28 जुलाई को प्रातः 7 बजे कांवड़ यात्रा मातृधाम से गुरुधाम दिघौरी की ओर प्रस्थान करेगी। जो करहैया, जैतपुरकला, खैरी, भाटीवाडा, मुंगवानी, सापापार, चौडा होते हुए ग्राम दिघौरी पहुँचकर, दिघौरी मंदिर में स्थापित भगवान शिव के पारदर्शी स्फटिक शिव लिंग का जलाभिषेक किया जायेगा। उक्त यात्रा में पूर्व वर्षों की भांति सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन समस्त श्रद्धालुगणों, सहयोगियों के साथ यात्रा में मुंडारा से दिघौरी तक पवित्र यात्रा में शामिल रहेंगे।

इस दौरान विधायक श्री राय की ओर से कांवड़ यात्रा मार्ग में पडने वाले गोपालगंज में श्रद्धालुओं को स्वल्पहार शुद्ध पेयजल एवं रात्रि समय मातृधाम में भोजन प्रसाद व्यवस्था की गयी है तथा 28 जुलाई दिन सोमवार को भी विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा गुरू रत्नेशवर धाम दिघौरी में श्रद्धालुओं और कांवड यात्रियों के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था की जायेगी। इस अवसर पर श्री राय ने सभी समाजसेवी संगठनों एवं सनातन धर्मावलंबियों से पूर्व की भांति इस वर्ष भी सहयोग तथा पवित्र धार्मिक कांवड यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सफल बनाने का आव्हान किया है।

### सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम अंतर्गत मास्टर ट्रेनर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न

सिवनी/- जनजातीय कार्य विभाग एवं मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से संचालित 21 वी सदी के जीवन कौशल आधारित सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 19/07/2025 को कन्या शिक्षा परिसर सिवनी में संपन्न हुआ।जिसमें सिवनी जिले के प्रत्येक जनजातीय विकासखंड के मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित हुए। उक्त प्रशिक्षण में सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के द्वितीय वर्ष के पाठ्यक्रम को लेकर मास्टर ट्रेनर्स की समझ विकसित की गई एवं उनकी भूमिका पर विस्तार से चर्चाएं की गई। एवं प्रथम वर्ष के कार्यक्रम की उपलब्धि एवं चुनौतियां पर समूह मंथन किया गया। एवं आगामी समय में प्रत्येक विकासखंड स्तर पर होने वाले आगामी शिक्षक प्रशिक्षण, जन शिक्षक प्रशिक्षण की रूपरेखा पर भी चर्चाएं की गई।

### कुएं में मिला वृद्ध महिला का शव

पुलिस चौकी बादलपार अंतर्गत ग्राम पंचायत थावरझोड़ी के ग्राम बाबूटोला में शनिवार दोपहर घर के सामने बने कुएं में वृद्ध महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों द्वारा जिसकी सूचना पुलिस चौकी में दी गई। प्राप्त जानकारी अनुसार बाबूटोला निवासी महिरा बाई भलावी उम्र 60 वर्ष की अज्ञात कारणों से कुएं में गिरने से मौत हो गई। घटना दोपहर लगभग 1 बजे के आस पास की बताई गई। पुलिस चौकी बादलपार प्रभारी आर एस राजपूत द्वारा मौके में पंचनामा कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतु कुरई भेजा गया है। वही मामले में विवेचना जारी है।

# सरपंच संघ ने सहायक यंत्री के खिलाफ सौंपा ज्ञापन किये गये कार्यों की निष्पक्ष जांच हो

**जनपद पंचायत केवलारी में पदस्थ सहायक यंत्री श्रीमति दुर्गो कुमरे के खिलाफ सरपंच संघ केवलारी ने आरोप लगाये है कि सहायक यंत्री द्वारा सरपचों को परेशान किया जा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

जपं अध्यक्ष को सौपे ज्ञापन में कहा कि मनरेगा अंतर्गत वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायतों द्वारा निर्मित खेत तालाबों में बिना सामग्री भुगतान केसीसी लगा दी गई है उक्त कार्य पर सामग्री भुगतान न होने के कारण प्रत्येक सरपंच कर्जदार हो चुका है जिसका भुगतान तत्काल कराये जाने की मांग की है।

सहायक यंत्री द्वारा उपयंत्री के मूल्यांकन करने के बाद भी भुगतान बिल की राशि बिना मेजरमेंट किए राशि कम कर दी जाती है जिससे सरपंच सचिव कर्ज में डूबते जा रहे है जनपद पंचायत केवलारी में पदस्थ सहायक यंत्री श्री कुमरे द्वारा ठेकेदारों को बढावा दिया जा रहा है ठेकेदारों के द्वारा किये गए कार्यो में कोई निरीक्षण, कमी नहीं निकाली जाती, जो कार्य ग्राम पंचायत स्वयं कराते है उसके ठेकेदारों से कार्य कराने हेतु बाध्य हो जाए। इसके कार्यकाल में उपयंत्री द्वारा ग्राम खरसारू में 11 रूपये ग्राम पंचायत कनारी में 30 रूपये मूल्यांकन कर दिया गया है मजदूरी में राशि कटौती की जाती है जिससे मजदूरी के द्वारा सरपंच को परेशान किया जा रहा है सरपंच ग्राम पंचायत का प्रतिनिधि है जिससे सरपंच को परेशान होना पड़ता है।

# नशे से दूरी हैं जरूरी जन जागरूकता अभियान का आवासीय विद्यालयों पी एम श्री नवोदय विद्यालय कान्हीवाड़ा कन्या परिसर डूंडा सिवनी में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश द्वारा जारी जागरूकता अभियान नशे से दूरी हैं,जरूरी के छठे दिवस के क्रम रविवार दिनांक 20/07/2025 में पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी सुनील मेहता के कुशल मार्गदर्शन,अति पुलिस अधीक्षक महोदय दीपक मिश्रा,नपुअ श्रीमती पूजा पांडेय के निर्देशन व नेतृत्व में जिले के महत्वपूर्ण आवासीय विद्यालयों शिक्षण संस्थान पी एम श्री नवोदय विद्यालय कान्हीवाड़ा, शासकीय कन्या परिसर डूंडा सिवनी में आयोजन किया गया जागरुकता कार्यक्रम में निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे द्वारा छात्र छात्राओं को नशे की गलत आदत के प्रकोप में युवा किस तरह जा रहे हैं और हमें कैसे बचना चाहिए,नशे के दुष्परिणामों,नशे के कारण अपराधों की घटनाएं बढ़ती जा रहीं हैं, छात्र छात्राएं किस तरह लोगों को नशे से दूर रखने में वालेंटियर्स हो सकते हैं व नशे से सावधान रहने को लेकर विस्तार से प्रबोधन व प्रोत्साहित किया गया। साथ ही नशा मुक्ति से जुड़ी सहायता मानस हेल्प लाइन 1933 ,14446, नेशनल सुसाइड हेल्प लाइन 14416 , मध्यप्रदेश नारकोटिक्स विभाग 7049100785 की जानकारी भी सांझा की गई व सूचना देकर समाज को नशे से बचाने के लिए प्रेरित किया गया,छात्र छात्राओं द्वारा नशे की हर आदत से दूर रहने व व्यसन में पड़े लोगों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली गई। विभिन्न गतिविधियों व फिल्म प्रदर्शित कर छात्र छात्राओं के प्रश्नों व जिज्ञासा के माध्यम से विभिन्न प्रकार की जानकारी ट्रैफिक ऐक्सिडेंट व नशे से होने वाली असमय घटनाओं से परिवार व समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव प्रभाव को समझाया गया। 1000 से अधिक छात्र छात्राओं व उक्त संस्थाओं की प्राचार्य श्री दिलीप मिश्रा, श्री मनोहर राहंगडाले व सभी शिक्षक गणों की गरिमामय उपस्थिति रहीं।संस्था प्रमुखों द्वारा मध्यप्रदेश पुलिस के नशे से दूरी हैं जरूरी अभियान के तहत जागरूकता को बच्चों के सुरक्षित जीवन के लिए अत्यधिक संवेदनशील कदम बताया व अनुभव और सुझाव सांझा किए।सभी ने हमारा यह संदेश नशा मुक्त हो मध्यप्रदेश अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। जागरूकता टीम के सदस्य उनि प्रमोद भारद्वाज, आरक्षक भूषण बहेटवार का सराहनीय सहयोग रहा। छात्र छात्राओं ने नशे से दूरी हैं जरूरी जागरूकता पैंपलेट चस्पा कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। यह अभियान युवाओं व संपूर्ण समाज को नशा छोड़ने के लिए भावी व वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणादाई कदम साबित हो रहा हैं।

# महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल भिक्षावृत्ति रोकने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



सिवनी में संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग मध्य प्रदेश भोपाल के द्वारा बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम हेतु 20 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाए जाने के निर्देश के प्रतिपादन में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज लारोकर के निर्देश अनुसार विगत दिवस महिला एवं बाल विकास द्वारा बाल भिक्षावृत्ति को रोकने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया गया।

इसी परिपेक्ष में पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मठ कन्या शिवनी के छात्राओं द्वारा स्कूल प्रांगण में भिक्षावृत्ति अभिशाप विषय पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गई नुक्कड़ नाटक में बच्चों ने अपने अभिनय के माध्यम से लोगों को भिक्षावृत्ति एवं बाल श्रम को रोकने का संदेश दिया एवं पेंटिंग, वादविवाद और निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से बाल भिक्षा न देने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम में लोगों ने भी बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की एवं इस जागरूकता का प्रेरक उदाहरण बताया कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती आभा सिंह शिक्षक(नाम)का विशेष योगदान रहा बच्चों के प्रोत्साहन हेतु महिला बाल विकास की पर्यवेक्षक सुश्री कौशल्या भांगरे द्वारा नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग, निबंध के सभी प्रतिभागियों को नोटपैड पेन का वितरण किया गया एवं कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अमिता गुप्ता भी उपस्थित रही।

### जिले में 608.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

सिवनी भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से 20 जुलाई 25 तक 608.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 20 जुलाई तक विकासखंड सिवनी में 537.8 मि.मी, कुरई में 297.0 मि.मी., बरघाट में 395.5 मि.मी., केवलारी में 771.2 मि.मी., छपारा 684.5 मि.मी, लखनादौन में 529.3 मिमी, धनौरा में 645.4 मिमी एवं घंसौर में 1010.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 4865.7 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। ज्ञात हो विगत वर्ष 20 जुलाई 2024 तक कुल 3717.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

# मिशन जीवन पर्यंतर स्कॉच पुरस्कार के लिए नामांकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

स्कॉच पुरस्कार के लिए सिवनी जिले को नामित किया गया है। यह नामांकन जिला प्रशासन की एक अभिनव पहल ‘मिशन जीवन पर्यंत’ के लिए किया गया है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को जीवन पर्यंत आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। विजेता का चयन वोटिंग के आधार पर किया जाना है। जिलेवासी https://exhibition.skoch.in/beacons-of-hope-voting/ पर जाकर वोटिंग कर सकते है। वोटिंग 22 जुलाई 25, शाम 7 बजे तक खुली है। जिसमें आम नागरिक सहभागिता कर सकते है। मिशन जीवन पर्यंत-कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में जिलें में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से लाभान्वित महिला हितग्राहियों को केंद्र सरकार की अटल पेंशन योजना से जुड़ने के लिए मिशन जीवन पर्यंत अभियान चलाया गया है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को जीवन पर्यंत आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। जिला प्रशासन की पहल पर महिला हितग्राही लाड़ली बहना योजना से प्रतिमाह मिलने वाली आर्थिक सहायता से कुछ राशि बचा कर अटल पेंशन योजना में अंशदान कर रही। जिससे महिला को 60 वर्ष की आयु पश्चात प्रतिमाह निर्धारित पेंशन का लाभ मिल सकेगा। जिला प्रशासन की इस पहल से महिलाएं जीवन पर्यंत आर्थिक रूप से सशक्त हो सकेगी। स्कॉच पुरस्कारः स्कॉच पुरस्कार स्वतंत्र स्कॉच समूह द्वारा दिया जाता है और यह उन व्यक्तियों, परियोजनाओं और संस्थानों को मान्यता देता है जो भारत के विकास में सकारात्मक योगदान करते हैं. यह पुरस्कार 2003 में स्थापित किया गया था और इसका उद्देश्य सामाजिक-आर्थिक क्षेत्र में परिवर्तन लाने के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने वालों को सम्मानित करना है।

# भक्ति से शरीर मन, समाज, देश, परिवार शुद्ध होता है-भावसागर जी महाराज

**पाठशाला महोत्सव संपन्न हुआ**



श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर सिवनी मध्य प्रदेश मे महासमाधि धारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज द्वारा दीक्षित परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य परम पूज्य मुनिश्री धर्मसागर जी महाराज एवं परम पूज्य मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सानिध्य में 20जुलाई 2025 को प्रातः काल की बेला में पाठशाला महोत्सव संपन्न हुआ इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए पूज्य मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सानिध्य में * मांगलिक क्रियाएं संपन्न हुई जिसके अंतर्गत नागपुर डिंडोरीसे आए हुए महानुभावों ने चित्र अनावरण, दीप प्रज्वल,शास्त्र अर्पण किया, भक्ति से तन ,मन ,वचन ,वतन, धन ,जीवन सफल हो जाता है ,पूजा भक्ति एक अमृत रस है, भरत चक्रवर्ती जब पूजन करते थे तो द्रव्य के पहाड़ बन जाते थे,भक्ति से शरीर मन, आत्मा ,हृदय शुद्ध होते है एवं,समाज, देश, परिवार शुद्ध होता है, मोक्ष के द्वार का ताला भक्ति रूपी चाबी से खोला जाता है, भक्ति पापी मन को पवित्र करती है, तल्लीनता से भक्ति करने से अतिशय ,चमत्कार होते हैं , भक्ति से आनंद ,उत्साह, सफलता की प्राप्ति होती है , भक्ति से ऊर्जा मिलती है, आप ऐसी भावना करें हे प्रभु मेरे पैरों में इतनी शक्ति देना की दौड़-दौड़ कर आपके दरवाजे आ सकूं तीर्थ क्षेत्र की वंदना कर सकू , मुझे ऐसी सद्बुद्धि देना कि सुबह शाम घुटने के बल बैठकर आपको नमस्कार सकूं ,जब तक जिऊँ जीभ पर आपका नाम रहे ,प्रेम से भरी हुई आंखें देना, श्रद्धा से झुका हुआ सिर देना ,सहयोग करते हुए हाथ देना, सत्पथ पर चलते हुए पाव देना और स्मरण करता हुआ मन देना अपनी कृपा दृष्टि और सद्बुद्धि देना,भक्ति मुक्ति महल की चाबी है, गुणीजनों में दान ,पूजा ,विनय का भाव होना भक्ति है ,भक्ति सर्वश्रेष्ठ रस है, भक्ति जीने की कला सिखाती है , भक्ति श्रद्धा की कसौटी है, पूजा भक्ति एक सरिता है, विनय भक्ति का श्रेष्ठ तरीका है, प्रभु के गुण अनुराग को भक्ति पूजा, अर्चना ,वंदना या प्रार्थना कहते हैं, जिससे विशेष शक्तियों की प्राप्ति होती है, और आध्यात्मिक सिद्धियां प्रकट होती है ,मन का विकार धुल जाता है, इससे शरीर समाज ,देश ,परिवार विश्व शुद्ध होता है

# राजस्व न्यायालय के कार्य और गैर न्यायालयीन कार्य के लिये अलग-अलग राजस्व अधिकारियों की पदस्थापना के आदेश जारी

सिवनी। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में राजस्व न्यायालय के कार्य और गैर न्यायालयीन कार्य के लिये अलग-अलग राजस्व अधिकारियों की पदस्थापना की गई है। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने इस सबन्ध में आदेश जारी कर दिये हैं। राजस्व न्यायालय कार्य के लिये नियुक्त अधिकारी अब केवल राजस्व न्यायालय का ही कार्य करेंगे। इन अधिकारियों की ड्यूटी प्रोटोकॉल, कानून व्यवस्था आदि कार्यों में नहीं लगाई जा सकेगी। इस व्यवस्था से राजस्व न्यायालय के नामांतरण, बँटवारा और सीमांकन जैसे कार्यों के निराकरण में गति आयेगी। आदेश में गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए नियुक्त प्रभारी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, प्रभारी तहसीलदार, प्रभारी अधीक्षक भू-अभिलेख एवं प्रभारी सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधानों के तहत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए नियुक्त राजस्व अधिकारियों को समय-समय पर कलेक्टर, अपर कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी द्वारा सौंपे गये कार्यों का निर्वाहन भी करना होगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि राजस्व संबंधी न्यायालयीन कार्य के लिए नियुक्त अधिकारी केवल राजस्व संबंधी न्यायालयीन कार्य ही संपादित करेंगे। इन अधिकारियों को कलेक्टर की लिखित अनुमति के बगैर अन्य कार्य नहीं सौंपे जा सकेंगे।

जारी ओदशानुसार तहसील सिवनी अंतर्गत आने वाले राजस्व न्यायालय, न्यायालय तहसीलदार सिवनी एवं न्यायालय तहसीलदार सिवनी नगर में न्यायालयीन कार्य दिवस सोमवार से शुक्रवार के लिए प्रभारी तहसीलदार श्री नितिन चौधरी को पदस्थ किया गया है। इसी तरह न्यायालय नायब तहसीलदार भाग-1 में न्यायालयीन कार्य दिवस मंगलवार एवं गुरूवार के लिए प्रभारी तहसीलदार श्री नितिन चौधरी तथा न्यायालय नायब तहसीलदार भोमा में न्यायालयीन कार्य दिवस सोमवार से शुक्रवार के लिए नायब तहसीलदार सुश्री दीक्षा पटेल को एवं न्यायालय नायब तहसीलदार बंडोल में न्यायालयीन कार्य दिवस सोमवार से शुक्रवार के लिए प्रभारी भू-अधीक्षक श्री एस एस परतेती को पदस्थ किया गया है। वहीं गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए नायब तहसीलदार श्री हिमांशु कौशल, नायब तहसीलदार सुश्री राधिका पाठक तथा प्रभारी सहायक भू-अधीक्षक श्री सुरेश राय के पदस्थापना के आदेश जारी किये गए हैं।

इसी तरह तहसील बरघाट अंतर्गत आने वाले राजस्व न्यायालय, न्यायालय तहसीलदार बरघाट में न्यायालयीन कार्य दिवस सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार तथा न्यायालय नायब तहसीलदार गंगेरूआ में न्यायालयीन कार्य दिवस मंगलवार एवं गुरूवार के लिए प्रभारी तहसीलदार श्री अमृतलाल धुर्वे को पदस्थ किया गया है। वहीं गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए प्रभारी नायब तहसीलदार श्री धर्मराज तुरकर की पदस्थापना की गई है।

तहसील केवलारी अंतर्गत आने वाले राजस्व न्यायालय, न्यायालय तहसीलदार केवलारी में न्यायालयीन कार्य दिवस सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार तथा न्यायालय नायब तहसीलदार पलारी में न्यायालयीन कार्य दिवस मंगलवार एवं गुरूवार के लिए नायब तहसीलदार श्री शशांक मेश्राम को पदस्थ किया गया है। न्यायालय नायब तहसीलदार उगली में न्यायालयीन कार्यदिवस सोमवार से शुक्रवार के लिए नायब तहसीलदार सुश्री दीक्षा वासनिक को पदस्थ किया गया है। वहीं गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए प्रभारी नायब तहसीलदार श्री कुंवरलाल की पदस्थापना की गई है।

तहसील घंसौर अंतर्गत आने वाले राजस्व न्यायालय, न्यायालय तहसीलदार घंसौर में न्यायालयीन कार्य दिवस सोमवार, बुधवार, गुरूवार एवं शुक्रवार तथा न्यायालय नायब तहसीलदार कहानी में न्यायालयीन कार्य दिवस मंगलवार के लिए नायब तहसीलदार शिफाली अग्रवाल को पदस्थ किया गया है। वहीं गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए प्रभारी सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख श्री धीरूलाल परते की पदस्थापना की गई है। तहसील धनौरा अंतर्गत आने वाले राजस्व न्यायालय, न्यायालय तहसीलदार धनौरा में न्यायालयीन कार्य दिवस सोमवार से शुक्रवार के लिए प्रभारी नायब तहसीलदार श्री अरूण भूषण दुबे को पदस्थ किया गया है। वहीं गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए प्रभारी सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख श्री धीरूलाल परते की पदस्थापना की गई है।

तहसील लखनादौन अंतर्गत आने वाले राजस्व न्यायालय, न्यायालय तहसीलदार लखनादौन में न्यायालयीन कार्य दिवस सोमवार से शुक्रवार के लिए नायब तहसीलदार श्री दिग्विजय परस्ते तथा न्यायालय नायब तहसीलदार धूमा में न्यायालयीन कार्य दिवस सोमवार,बुधवार, शुक्रवार तथा न्यायालय नायब तहसीलदार आदेगांव में न्यायालयीन कार्यदिवस मंगलवार एवं गुरूवार के लिए प्रभारी अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती पूजा राय को पदस्थ किया गया है। वहीं गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए नायब तहसीलदार श्री अखिलेश कुशराम की पदस्थापना की गई है।

## नगर परिषद रास्ते में फेंक रही कचरा, खिलाड़ियों को हो रही श्वास संबंधी परेशानी

# इंडोर' का पता नहीं, दम तोड़ रहा 'मिनी स्टेडियम'

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी शहर से करीब 04 किमी. दूर खजरी भालवा नाले के पास नट्टी टोला की सीमा में स्थित मिनी स्टेडियम देखरेख के अभाव में बर्बाद हो रहा है. करीब 10 वर्ष पहले तत्कालीन विधायक के.डी.देशमुख के अथक प्रयासों से फुटबॉल आकार का यह खेल मैदान बनकर तैयार हुआ. खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने 25 लाख रुपए की राशि से लोक निर्माण विभाग की निगरानी में इस खेल मैदान का निर्माण करवाया. निर्माण यानी खेल मैदान के आस-पास बाउंड्रीवॉल और 04 दर्शक दीर्घा बनाई लेकिन एक खेल मैदान में तय मानकों के मुताबिक खिलाड़ियों के लिए जो मुलभूत सुविधाएं होनी चाहिए वह आज तक इस मैदान में नहीं पहुंच पाई है. जिस कारण खिलाड़ियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. सड़क, पानी और बिजली जैसी सुविधाएं यहां आज भी दूर की कौड़ी साबित हो रही है. मिनी स्टेडियम के बनकर तैयार होने के इतने सालों बाद भी पहुंच मार्ग कच्चा है. जिसके चलते बारिश के दिनों में खिलाड़ियों को आवागमन करने में काफी परेशानी होती है. वहीं इस रास्ते में नगर परिषद शहर का पूरा कूड़ा-कचरा फेंक रही है. जिसकी बदबू से भी खिलाड़ी परेशान होते है, खिलाड़ियों को श्वास लेने में भी दिक्कतें होती है. जबकि एक खिलाड़ी को बेहतर वातावरण और शुद्ध हवा बेहद जरूरी होती है. मगर, नगर परिषद कचरे का प्रबंधन करने की बजाए इसे आग के हवाले कर नष्ट करती है जिससे वातावरण प्रदूषित होता है यानी हवा में जहर फैल रहा है जिससे मिनी स्टेडियम में खेलने वाले खिलाड़ियों को श्वास लेने में परेशानी होती है. गौरतलब हो वर्तमान विधायक, जिला फुटबॉल संघ जिला उपाध्यक्ष गौरव सिंह पारधी ने शहर में इंडोर स्टेडियम के निर्माण की तैयारी की है. इसका निर्माण कब होगा, कहां होगा यह तो अभी तय नहीं हो पाया है लेकिन उनके क्षेत्र में फुटबॉल आकार का मिनी स्टेडियम बर्बाद होनी की कगार पर है. जिसकी उन्हें चिंता करने की जरूरत है. क्योंकि यहां बात सिर्फ एक खेल मैदान की नहीं बल्कि यूएनसीआरसी के अनुच्छेद 31 की है जो औपचारिक रूप से बच्चों के खेलने के अधिकार सुनिश्चित करता है।

बता दें कि कटंगी शहर में खेल मैदान के नाम पर अब मात्र मिनी स्टेडियम ही बचा है. जिसमें खेल गतिविधियां हो सकती है. सरकारी अस्पताल मैदान जिसे साइलेंट जोन होना चाहिए वहां आए दिन विभिन्न आयोजन होते ही रहते है. खिलाड़ियों का कहना है कि अस्पताल प्रबंधन पैसे लेकर आयोजन की अनुमति देता है. जिस कारण साल में करीब 06 माह मैदान में कोई खेल गतिविधि नहीं हो पाती. उत्कृष्ट विद्यालय के पीछे जो खेल मैदान था वहां सांदीपनी स्कूल की नई इमारत बनने से खत्म हो गया है. अब खेल आयोजन और प्रैक्टिस के लिए कोई मैदान ही नहीं बचा है. चौकानें वाली बात तो यह भी है कि मिनी स्टेडियम की देखरेख की जिम्मेदारी किस विभाग के पास है यह भी तय नहीं है. निर्माण, लोक निर्माण विभाग की निगरानी में हुआ. राशि, खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने प्रदान की. मगर, देखरेख कौन करेगा यह किसी को नहीं पता. इधर, खेल, शिक्षा और रचनात्मक गतिविधियों के अवसर नहीं मिलने के कारण बड़ी संख्या में शहरी क्षेत्र का युवा खालीपन और दिशाहीनता की ओर बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है. वह अपना अधिकांश समय मोबाइल में व्यतीत कर रहा है और कई युवाओं को नशे की आदतों ने जकड़ लिया है।

### इनका कहना है

नगर परिषद ने मिनी स्टेडियम के तरह जाने वाले रास्ते में कचरा फेंक दिया है जिसकी गंदी बदबू से श्वास लेने में दिक्कत होती है. मैदान में मुलभूत सुविधा मुहैया कराई जानी चाहिए.

**सम्यक कोचर खिलाड़ी**

शहर में अब एक मात्र खेल मैदान मिनी स्टेडियम शेष रह गया है जहां जाने के लिए बहुत ही बेकार सड़क है. उस सड़क पर भी नगर परिषद कचरा फेंक रही है. खेल मैदान में साफ हवा मिलनी चाहिए लेकिन नगर परिषद कचरा जलाकर हवा में जहर घोलने का काम कर रही है.

**ध्रुव खंडेलवाल खिलाड़ी**

# अनिश्चितकालीन शांति धरना और भूख हड़ताल पर लगा विराम!



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिला मुख्यालय में 10 दिनों से चले आ रहे महाबोधि महाविहार को बौद्धों को सौपने की मांग को लेकर बौद्ध अनुयायियों द्वारा 20 जुलाई को नगर में एक बड़ी रैली का आयोजन किया गया, रैली के पूर्व 13 जुलाई से भूख हड़ताल पर बैठे धम्मगुरु भदन्त धम्मशिखर अनशन उनके गुरु भदन्त नागशेन जी द्वारा जूस पीला कर तुड़वाया गया तत्पश्चात एक विशाल धम्म रैली निकाली गई, जो धरना स्थल जनपद पंचायत कार्यालय के सामने से होकर जय स्तंभ चौक, बस स्टेण्ड, कालीपुतली चौक, अम्बेडकर चौक पहुंची। जहाँ डॉ. भीमराव बाबासाहब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्या अर्पण कर बाबासाहब का जयघोष किया गया। जिसके उपरांत रैली पुनः जय स्तम्भ होते हुए धरना स्थल पहुंची,यहाँ रैली का समापन किया गया।

भूख हड़ताल पर बैठे भंते धम्म शिखर 8 दिनों से गर्म पानी ले रहे थे। आपको बता दे की शांति धरना प्रदर्शन की शुरूआत विगत 10 जुलाई को अम्बेडकर चौक से हुई थी, प्रशासन द्वारा अम्बेडकर चौक से धरना हटाकर जनपद पंचायत के सामने का परमिशन दिया गया,जिसके बाद लगातार यह 9 दिनों तक चला, वही 8 दिनों से भूख हड़ताल पर रहे भदन्त धम्म शिखर ने 20 जुलाई को भूख हड़ताल को समाप्त किया, भूख हड़ताल के समय वह सिर्फ गर्म पानी ले रहे थे।

वही सामाजिक प्रतिनिधियों बताया कि 29 जुलाई को मामले मे न्यायालय मे इसी मुद्दे को लेकर सुनवाई होने वाली है, और फैसला आने वाला है यदि फैसला पक्ष मे आता है तो हम ख़ुशी मनाएंगे अन्यथा यह शांति धरना आंदोलन का रूप लेगा। लेकिन हमें पूरी उम्मीद है कि न्यायालय द्वारा फैसला बौद्ध समाज के पक्ष मे होगा हमें हमारा महाबोधि महाविहार प्रबंधन का दायित्व मिलेगा। आपको बतादे कि बिहार राज्य के बोधगया में स्थित महाबोधि महाविहार को मुक्त करने और बीटीएमसी एक्ट 1949 अधिनियम को रद्द व ऐतिहासिक विश्व धरोहर को बौद्धों के सुपरुद करने की मांग को लेकर जिला मुख्यालय में बौद्ध अनुयायी द्वारा अनिश्चत्कालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा था जिसके चलते 13 जुलाई से भंते धम्म शिखर द्वारा भूख हड़ताल शुरू कि गई थी। वही रविवार को बौद्ध अनुयायी द्वारा एक विशाल धम्म रैली का आयोजन किया और मांग कि गई बीटीएमसी एक्ट 1949 को रद्द किया जाये और महाबोधि महाविहार बौद्ध समाज को सौपा जाये।

## टीकांश शिव का आईआईएम रोहतक में हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज मलाजखंड। नगरपालिका वार्ड नं 13 सरईटोला पोस्ट करमसरा निवासी दक्षराज शिव के पुत्र टीकांश शिव का आईआईएम रोहतक में चयनित हुआ है। इनके पिता प्राइवेट नौकरी करते हैं माता गृहिणी है टीकांश की शिक्षा कक्षा पहली से कक्षा पाचवीं तक प्राइवेट संस्थान में हुई उसके बाद कक्षा 6 वीं से कक्षा 12 तक नवोदय विद्यालय जिला सिवनी में शिक्षा ली टीकांश ने 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उनका चयन आईआईएम रोहतक के लिए हो गया । परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है । परिवार ने उनकी उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ बधाइयाँ दी है ।

## दूरस्थ एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्राम नरपी-चिलकोना में लगाया गया जन समस्या निवारण शिविर

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री संजय कुमार की उपस्थिति में 20 जुलाई को जिले के दूरस्थ एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र के अंतर्गत लांजी विकासखंड की ग्राम पंचायत देवरबेली के ग्राम नरपी-चिलकोना में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया। लगभग 35 घरों की इस आदिवासी जनजाति बहुल बस्ती में पहली बार इस तरह का कोई शिविर लगा था, जिसमें सभी विभागों के अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने और उनका निराकरण करने पहुंचे थे। ग्रामीणों ने भी खुलकर अधिकारियों के सामने अपनी समस्याओं को रखा ।

शिविर में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आदर्श कांत शुक्ला, सहायक कलेक्टर श्री आकाश अग्रवाल, लांजी एसडीएम श्री कमल सिंहसार, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी श्री ओमप्रकाश, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप, सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक श्री जी पी बर्मन, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना ईकाई के महाप्रबंधक, श्रम अधिकारी श्री राकेश ठाकरे, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रामगोपाल यादव, तहसीलदार, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन यंत्री एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



## जिले में अब तक 627 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

**बालाघाट।** चालू वर्षा सत्र के दौरान बालाघाट जिले में 01 जून से 19 जुलाई 2025 तक 627 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 316 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मिलीमीटर है। 19 जुलाई को प्रातः 08 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान जिले में 05 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है।

## प्रियदर्शिनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस बालाघाट में मनाया गया ऑपरेशन थिएटर दिवस

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट नगर में संचालित संस्था - प्रियदर्शिनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस बालाघाट में 20 जुलाई को ऑपरेशन थिएटर दिवस मनाया गया, संस्था के चेयरमैन विक्रांत वर्मा और संस्था की संचालिका श्रीमति दुर्गा वर्मा ने कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके की, उन्होंने बताया कि 20 जुलाई को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय ऑपरेशन थिएटर तकनीशियन दिवस मनाया जाता है तथा डॉक्टर के साथ ऑपरेशन थिएटर में OT TECHNICIAN की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है उन्होंने कहा कि डॉक्टर का काम ऑपरेशन करना होता है परन्तु ओटी टेक्नीशियन का काम ऑपरेशन करने से पूर्व की तैयारी से लेकर ऑपरेशन पूरा हो जाने तक की संपूर्ण ज़िम्मेदारी के निर्वहन में ओटी टेक्नीशियन की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है I आज का यह दिन स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में ऑपरेशन थिएटर (ओटी) तकनीशियनों के योगदान को सम्मानित और मान्यता देने का दिन है। संस्था में अध्ययनरत OT TECHNICIAN के शैक्षणिक सत्र 2023-24 के विद्यार्थियों के द्वारा संस्था में मोबाइल फोन से आंखों में हो रहे दुष्परिणाम को लेकर एक नाटक प्रस्तुत किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने समा बांधा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के प्राचार्य डॉ शिवरतन पवार, डॉक्टर निलय शिन्दे, श्री ऋषिराम वर्मा,डॉक्टर कंचन बिसेन, डॉक्टर नेहा खान, अजय सूर्यवंशी, प्रकाश शिववंशी, बी. लाकरा,योगेश्वरी नगपुरे, सारिका लिल्हारे, डॉक्टर ज्योति राहंगडाले, गौतम मेश्राम, मोनिका टेंभरे,विनय साहू, पायल वड़ाईकर, वैशाली श्रीवास्तव, रोहन वर्मा, संकेत चौधरी, जीवेंद्र पांचे, पूनम सिंह दशहरिए, गया प्रसाद बसेंने , ज्योति हटेवर , शैलेन्द्र कटारे, पायल बागरी, भुवनेश्वर सैनी, हेमंत सैनी, पंकज चरपोटा,निशा यादव, रक्षा ठाकरे, आंचल चौधरी, लता मानेश्वर,कृष्णा कुमार बिसेन, शुभम शर्मा, लोकेश सपाटे, रेशमा मात्रे, आस्था लाड़े, रीता चौहान, सत्यम परिहार, सिखा चौधरी, रंजिता आड़े उपस्थित रहे।

## शास.उत्कृष्ट विघालय किरनापुर के स्काउट एवं गाइड के छात्र एवं छात्राओं को कोटेश्वर धाम लांजी का करवाया गया भ्रमण



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर के स्काउट गाइड द्वारा हाइक आयोजन कोटेश्वर धाम लांजी में हरियाली महोत्सव मनाकर संपन्न किया गया । शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर के प्राचार्य अनिता तारन के निर्देशन में स्काउट मास्टर मकबुल मोहम्मद कुरेशी एवं गाईडर वंदना पटले के सहयोग से एवं प्रभारी घनश्याम रामटेके के अथक प्रयास से हाइक कार्यक्रम रखा गया ।

20 जुलाई को प्रातः 9बजे प्रधान पाठक मानिकचंद वट्टी जी एवं एवम् स्काउट मास्टर मकबुल मोहम्मद कुरेशी द्वारा हरी झंड़ी दिखा कर स्काउट गाइड को हाइक के लिए रवाना किया गया । ठीक 11बजे कोटेश्वर धाम लांजी पहुंचे दर्शन करने के पश्चात नाश्ता कर हरियाली महोत्सव कार्यक्रम संपन्न किया गया जिसमे सभी स्काउंट गाइड ने पेड़ लगाए इस हरियाली महोत्सव कायकर्म में किरनापुर लांजी विधायक श्रीमान राजकुमार करहि , भूतपूर्व विधायक रामकिशोर कावरे परसवाड़ा एवम् भूतपूर्व विधायक रमेश भटेरे लांजी की उपस्तिथि में संपन्न किया गया। इसके पश्चात काली माई मंदिर लांजी का किला बावली और गायत्री मंदिर में भजन कीर्तन किया गया और स्काउट गाइड प्रवचन सुना और गायत्री मंदिर में नाश्ता किया गया ।

इसमें 32 स्काउट गाइड ने भाग लिया गया इसमें स्काउटर मास्टर देवलाल रहांगडाले,हाथीमारे सर, उपेन्द्र आगडे , दीपांकर भार्गव और दल नायक निखलेश देशमुख का सहयोग सराहनीय रहा । हाइक के दौरान स्काउट गाइड में आंनद का माहोल बना रहा स्काउट मास्टर मकबूल मोहम्मद कुरेशी का योगदान कबीले तारीफ रहा हाइक शाम 5बजे उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर मे पहुच गई। और स्काउट गाइड घर प्रस्थान के लिए चले गए।हाइक आंनद दायक प्रेरणा दायक और मनोरंजक थी।

## नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के तहत बालक छात्रावास मोहगांव में हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज मलाजखंड।

पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा दिए गए निर्देशानुसार नशामुक्ति जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम की रूपरेखा अनुसार 20 जुलाई को थाना मलाजखंड क्षेत्रांतर्गत शासकीय आदिवासी सीनियर बालक छात्रवास मोहगांव में नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान चलाया गया इस मौके पर छात्रवास अधीक्षक संजय मेरावी , जयंती मेरावी, आनेंद्र धुर्वे ,अनुशासन नायक , अंकुश अंबाती अन्य गणमान्य नागरिक ,की उपस्थिति मे छात्रवास के बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव से बचने हेतु समझाइश दी गई ।मानव श्रृंखला एवं वाट्सअप एफ़ में अविभावकों को जोड़कर नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया एवं समझाइश दी गई।। वही उपस्थित लोगों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने के संबंध में जागरूक किया गया। इसके बाद क्षेत्र में जाकर लोगों को नशे से दूर रहने हेतु जागरूक किया गया, नशा मुक्ति से संबंधित पेंपलेट का वितरण किया गया संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान थाना स्टॉप सुलेखा मरकाम ,ऋषिका यादव उपस्थित रहे।

## समाज के शैक्षिणक, आर्थिक और सामाजिक उत्थान की दिशा में किया जाएगा बेहतर कार्य : दीपा

# दीपा भोंगाड़े जिला तेली साहू समाज महिला प्रकोष्ठ की निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिला तेली साहू समाज की बैठक रविवार को स्थानीय बस स्टैंड स्थित धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति में महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष का चुनाव कराया गया। वारासिवनी निवासी दीपा (ज्ञानेश्वरी) भोंगाड़े को सर्वसम्मति से एक मतेन होकर निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। समाज के जिला अध्यक्ष राजेंद्र मानवटकर उन्हें महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। इसके अलावा बैठक में वर्ष 2005 में दिसंबर माह में होने वाले बच्चों के प्रतिभा सम्मान समारोह, समाज को आर्थिक रुप से सुदृढ़ करने के लिए संसाधन उपलब्ध कराने सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई।बैठक में समाज के जिला अध्यक्ष राजेंद्र मानवटकर निर्वाचन की प्रक्रिया को लेकर पूरी जानकारी दी।

इस दौरान नवेगांव निवासी भीमलेश्वरी राजगीरे ने अध्यक्ष पद के लिए दीपा भोंगाड़े के नाम का प्रस्ताव रखा। सरंडी निवासी लता अगासे सहित अन्य ने इसका समर्थन किया। अध्यक्ष पद के लिए केवल एक ही नाम होने के चलते सर्वसम्मति से एक मतेन होकर दीपा भोंगाड़े को निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया। समाज के जिला अध्यक्ष राजेंद्र मानवटकर ने इसकी विधिवत रुप से घोषणा भी की। बैठक के दौरान पाथरवाड़ा निवासी पीतम आंबिलकर, लालबर्रा निवासी जयराम कावड़े, नाहरवानी निवासी कृष्ण कुमार बावनकर, बालाघाट निवासी कन्हैयालाल हटवार, हीरालाल बावनकर सहित अन्य ने संबोधित किया।महिला प्रकोष्ठ की नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष दीपा (ज्ञानेश्वरी) भोंगाड़े ने कहा कि वरिष्ठों के मार्गदर्शन में समाज के आर्थिक, शैक्षणिक, सामाजिक उत्थान और एकजुटता के लिए बेहतर ढंग से कार्य किया जाएगा। महिला शक्ति को आगे बढ़ाने, उन्हें जागरुक कर समाज से जोडऩे, सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। ताकि समाज आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही महिला प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित कर कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा।

समाज के जिला अध्यक्ष राजेंद्र मानवटकर ने कहा कि समाज के महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष के रुप में ज्ञानेश्वरी भोंगाड़े का निर्विरोध निर्वाचन कर सभी ने अपनी एकजुटता का परिचय दिया है। उन्होंने बताया कि इस बैठक में समाज के आर्थिक उत्थान, सामाजिक कुरुतियों को दूर करने, प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान करने सहित अन्य विषयों पर विचार विमर्श कर कार्ययोजना तैयार की गई है।इस अवसर पर समाज के संरक्षक नारायण मदनकर, सचिव संतोष समरिते, पीतम आंबिलकर, गोधन लांजेवार, एचएल पटले, खेमराज भोंगाड़े, बसंत समरिते, भानेश साकुरे, संतोष आंबिलकर, केशव बैस, दुर्गाप्रसाद अगासे, कमलेश साहू, सुजय साहू, ईशुलाल धावड़े, रोशनलाल भोंगाड़े, इंदल भोंगाड़े, नागेश्वर साकुरे, देवेश्वर साकुरे सहित अन्य मौजूद थे।इसी तरह महिला मंडल में त्रिवेणी साहू, भागरता बावनकर, अनुसया पटले, सावित्री लांजेवार, ममता बावनकर, वर्सिला समरित, संध्या समरित, कंचन हटवार, पिंकी भेलावे, माया लेंडे, रश्मि लेंडे, निर्मला बावनकर, अंकिता हटवार, सुनीता उराड़े, विनिता भुरेकर, मधु गायधने, तारामती बावनकर, ललीता भोंगाड़े, दमयंती पटले सहित अन्य मौजूद थे।

## क्लीन गढ़ी ,ग्रीन गढ़ी के तहत चलाया सफाई व वृक्षारोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज गढ़ी।




वृक्षारोपण एवं साफ सफाई के द्वारा ही पर्यावरण प्रदूषण से बचा जा सकता है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत गढ़ी द्वारा 23 नवंबर 2024 से प्रारंभ किए गए क्लीन गढ़ी ,ग्रीन गढ़ी के तारतम्य में सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी के नेतृत्व में मंडई टेकरा शिव मंदिर परिसर, मोक्षधाम परिसर में परिजात, आमला,गुलमोहर के पौधों का वृक्षारोपण किया गया। वही नवांकुर संस्था के प्रमुख अमित पाटिल के कुशल नेतृत्व में उपरोक्त कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन लगातार किया जा रहा है क्लीन गढ़ी, ग्रीन गढ़ी अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक स्थान की साफ सफाई एवं वृक्षारोपण का कार्य निरंतर रूप से जारी है इस अभियान के प्रथम चरण में अब तक 70 पौधों का वृक्षारोपण किया जा चुका है इसके साथ ही ट्री गार्ड भी लगवाए जा रहे हैं।इस अवसर पर पंच रोशनी परवार, दिव्या परवार,खुशी ,आशा सोनवानी आदि मौजूद रहे।

